दिनाँक 06 जनवरी, 2006 को सम्पन्न विद्या परिषद् के बैठक की कार्यवृत्त

|| सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ||

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
17, महर्षि दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद
पिन - 211 001

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

दिनाँक 06 जनवरी, 2006 को पूर्वाह्न 11:00 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न विद्या परिषद् की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

(1)	प्रो केदार नाथ सिंह यादव (कुलपति)	अध्यक्ष
(2)	डॉ. संतोष पाण्डा	सदस्य
(3)	प्रो. एस.पी. गुप्ता	सदस्य
(4)	प्रो. एस.के. पाण्डेय,	सदस्य
(5)	प्रो. जगन्नाथ पाल	सदस्य
(6)	प्रो. आर.सी. यादव	सदस्य
(7)	डॉ. रुचि वाजपेई	सदस्य
(8)	डॉ. इफ्तेखार अहमद	सदस्य
(9)	डॉ. डी.सी. लाल	सदस्य
(10)	डॉ. रत्नाकर शुक्ल	सचिव

कार्यसूची के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के पूर्व कुलपति जी ने सदस्यों का स्वागत किया।

1. विद्या परिषद् ने अपनी पिछली बैठक दिनाँक 09 जून, 2005 के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

2. विद्या परिषद् की पिछली बैठक दिनाँक 09 जून, 2005 में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्यवाही से परिषद् अवगत हुई।

3. विद्या परिषद् ने परीक्षा समिति के लिए एक सदस्य नामित करने सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

   निश्चय किया गया कि प्रो. आर.सी. यादव को परीक्षा समिति का सदस्य नामित किया जाय।

4. विद्या परिषद् ने दिनाँक 07 जनवरी, 2006 को होने वाले विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह में डिग्री/डिप्लोमा प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अनुमोदित किया तथा यह निश्चय किया कि बैठक में हुई वार्ता को दृष्टिगत करते हुए पूरक सूची को अनुमोदित करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया जाय।

5. विद्या परिषद् ने विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर डिग्री स्तर पर उपलब्ध विषयों में शोध कार्य प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विचार किया।

इस सम्बन्ध में कुलपति द्वारा गठित की गई समिति की संस्तुति दिनाँक 05–01–2006 को संज्ञान में लेते हुए परिषद् ने यह निश्चय किया कि विश्वविद्यालय में उपलब्ध स्नातकोत्तर विषयों में डी.फिल उपाधि के लिए शोध कार्य प्रारम्भ करने के लिए कार्य परिषद् को संस्तुत किया जाय।

परिषद् ने यह भी निश्चय किया कि बैठक में हुई चर्चा के प्रकाश में डी.फिल. कार्यक्रम की विस्तृत रूप–रेखा तैयार करने हेतु एक समिति गठित करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया जाय।

6. विद्या परिषद् ने पुनर्वास मनोविज्ञान में डिप्लोमा (Diploma in Rehabilitation Psychology) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने सम्बन्धी प्रश्न पर विचार किया।

निश्चय किया गया कि आर.सी.आई., नई दिल्ली द्वारा निर्धारित शर्तों के आधीन पुनर्वास मनोविज्ञान में डिप्लोमा (Diploma in Rehabilitation Psychology) पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने सम्बन्धी प्रस्ताव को सिद्धान्त रूप में स्वीकार करते हुए सत्र 2006–07 से उपरोक्त डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारम्भ करने हेतु कार्य परिषद् को संस्तुत किया जाय।

परिषद् ने यह भी निश्चय किया कि उक्त डिप्लोमा को संचालित करने सम्बन्धी आवश्यक अध्यादेश इस बीच में बना लिये जायें तथा आर.सी.आई. से पाठ्यक्रम इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर ली जाय।

7. परिषद् अवगत हुई कि बी.ए./बी.एस–सी. पाठ्यक्रमों के विषय समूह (Subject Combination) निर्धारण करने हेतु गठित समिति की बैठक दिनाँक 05–01–2006 को हुई जिसमें कुछ बिन्दुओं पर विचार किया जाना शेष है। अतः यह निश्चय किया गया कि बी.ए./बी.एस–सी पाठ्यक्रमों के विषय समूह निर्धारण के सम्बन्ध में उक्त समिति की संस्तुतियों की प्रतीक्षा की जाय।

8. विद्या परिषद् एम.बी.ए. में स्नातक परीक्षा में 50 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश दिये जाने सम्बन्धी कुलपति के आदेश से अवगत हुई एवं परिषद् ने यह निश्चय किया कि आगामी सत्र में DEC के मानक के अनुसार एम.बी.ए. कार्यक्रम में प्रवेश लिया जाय।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद का प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

कुलसचिव